## अध्याय 6. जनसंख्या

प्रश्न – आपदा किसे कहते है ?

उत्तर – प्राकृतिक घटनाएँ जैसे बाढ या सुनामी जब किसी घनी आबादी वाले गावँ या शहर को प्रभावित करती है , आपदा कहलाती है ।

प्रश्न – जनगणना किसे कहते है ? भारत मे सबसे पहले जनगणना कब हुई थी तथा यह कितने वर्ष बाद होती है ?

उत्तर – एक निश्चित समय अंतराल मे जनसंख्या की अधिकारिक गणना , जनगणना कहलाती है । भारत मे सबसे पहले 1872 मे जनगणना की गई थी । हालाँकि 1881 मे पहली बार एक संपूर्ण जनगणना की जा सकी । उसी समय से प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना होती है ।

प्रश्न – क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बडा राज्य कौन सा है ?

उत्तर – राजस्थान ।

प्रश्न – जनसंख्या घनत्व किसे कहते है ? भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है ?

उत्तर – प्रति इकाई क्षेत्रफल मे रहने वाले लागो की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है ।

भारत का जनसंख्या घनत्व 324 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है ।

प्रश्न – सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश कौन सा है ?

उत्तर – बांग्लादेश ।

प्रश्न – भारत का सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन सा है ?

उत्तर – केरल ।

प्रश्न – जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन की प्रकिया कौन सी है ?

उत्तर – 1. जन्म

2.. मृत्यु

3. प्रवास

प्रश्न – जनसंख्या वृद्धि का क्या अर्थ है ?

उत्तर – जनसंख्या वृद्धि का अर्थ होता है कि किसी विशेष समय अंतराल मे जैसे 10 वर्षो के भीतर किसी देश अथवा राज्य के निवासियो की संख्या मे परिवर्तन है ।

www.atpeducation.com


Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com

प्रश्न – जन्म दर किसे कहते है ?

उत्तर – एक वर्ष मे प्रति हजार व्यक्तियो मे जीवित बच्चो का जन्म होता है , उसे जन्म दर कहते है ।

प्रश्न – मृत्यु दर किसे कहते है ?

उत्तर – एक वर्ष मे प्रति हजार व्यक्तियो मे मरने वालो की संख्या को मृत्यु दर कहते है ।

प्रश्न – प्रवास किसे कहते है?

उत्तर – लोगो का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र मे चले जाने को प्रवास कहते है ।

प्रश्न – लिंग अनुपात किसे कहते है ?

उत्तर – प्रति 1000 पुरूषो पर महिलाओ की संख्या को प्रवास कहते है ।

प्रश्न – सबसे अधिक लिंग अनंपात वाला राज्य कौन सा है ?

उत्तर – केरल ।

प्रश्न – भारत मे लिंग अनुपात क्या है ?

उत्तर – भारत मे लिंग अनुपात प्रति 1000 पुरूषो पर 933 महिलाएँ है ।

प्रश्न – जनगणना क्या होती है ? इसका उत्तर दीजिए ?

उत्तर – किसी देश के निवासियो की गिनती को जनगणना कहा जाता है ं। हमारे देश मे जनगणना प्रति दस वर्ष के पश्चात् होती है । पिछली बार जनगणना भारत मे 2011 मे हुई थी । जनगणना के साथ–साथ दी गई प्रश्नावली मे पूछी गई सूचनाओ के आधार पर हमे लोगो की आयु , व्यवसाय , परिवारो मे उपलब्ध सुविधाओ जन्म–मृत्यु. साक्षरता , लिंग अनुपात और आयु संरचना का भी पता चल जाता है ।

प्रश्न – लिंग अनुपात की परिभषा दीजिए ?

उत्तर – प्रति हजार पुरूषो की जनसंख्या मे स्त्रियो की संख्या को लिंग अनुपात कहते है । सन् जनगणना के अनुसार 1000 पुरूषो के पाछे स्त्रियो की संख्सा 933 थी ।

प्रश्न – भारत मे स्त्रियो की अपेक्षा पुरूषो की गिनती अधिक क्यो है ?

उत्तर – भारत मे स्त्रियो की अपेक्षा पुरूषो की गिनती अधिक है , जिसके अनेक कारण है :–

1. भारत मे लोग लडकियो की अपेक्षा लडको की उत्पत्ति को कही अच्छा समझते है ।
2. कई स्थानो पर लडकियो को पेदा हाते ही मार दिया जाता है ।
3. पुरूषो की अपेक्षा भारत मे स्त्रियाँ कम पढी–लिखी है । इस कमी के कारण भी स्त्रियो की सख्या पर गहरा प्रभाव पड़ता है ।

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com

प्रश्न – राष्ट्रिय जनसंख्या नीती की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

उत्तर – राष्ट्रिय जनसंख्या नीती की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं ।

1. इसमें परिवारों के नियोजन पर जोर दिया ताकि सदस्यों के स्वास्थय और विकास में वृद्धि हो सके ।
2. छोंटा परिवार रहेगा तों परिवार के कल्याण के कार्यों को बढावा मिलेगा ।
3. 14 वर्ष की आयु तक के सभी बचचों के लिए शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है।
4. बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाकर इसे 30 प्रतिशत तक लाना।
5. संक्रामक बिमारीयो के रोक थाम के लिए मुफ्त टीका लगाया जाएगा।
6. लडके लडकियों के विवाह की आयु बढा दी गई ताकि नाबालिको का विवाह तथा बाल विवाह रोका जा सके ।

प्रश्न – भारत मे तेजी से जनसंख्या के बढने के लिए उतरदायी चार प्रमुख कारणो की विवेचना कीजिए ?

उत्तर – पिछले 50 वर्षो मे भारत की जनसंख्या मे भारी वृद्धि होने के अनेक कारण है :–

(1). सर्वप्रथम , जन्म दर मे कमी होना परन्तु मृत्यु दर मे अधिक उससे कही कमी होना ।

(2). दूसरे , भारत मे बहुत से लोग अभी अनपढ़ एव रूढिवादी है इसलिए बच्चो की पैदाइश को रोकने की उनमे इच्छा उनमे पैदा ही नही होती ।

(3) तीसरे ,भारत ,मे गरीबी बहुत है याद रहे गरीबी जनसंख्या को बढाने मे सहायक होती है क्योकि गरीबों के पास मनोरंजन के और कोई साधन नही होते हे ।

(4) चौथे , बच्चो के जन्म पर कैसे रोक लगाायी जाए इसके विषय मे नये वैज्ञानिक ढंग दूर स्थित गाांवो मे अभी पूरी तरह नही पहुँच पायी ।

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com